## संपादकीय

# पैकिंग बताएगी गुणवत्ता

डेयरी उत्पाद हों या मिठाई की दुकान अथवा घर की कड़ाही में तली जाने वाली होली की गुझिया के लिए मावा। सबकी चिंता यही है कि बाजार में मिल रहा खोया कितना शुद्ध है। खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सभी उपभोक्त ाओं की चिंता का विषय है। दूध से बने पदार्थों जैसे कि पनीर, खोया, मावा, दही, मक्खन और घी की शुद्धता को लेकर शंका कुछ ज्यादा ही बनी रहती है, विशेषतया जब से मिलावटी खाद्य पदार्थों की हकीकत सामने आई है। लोग खाद्य उत्पादों की गुणवत्ता उसे छूकर, सूंघकर, उसकी दृष्टव्यता से जांचते हैं। पैक खाद्य पदार्थों की जांच सिर्फ उनकी समाप्ति तिथि से ही तय की जा सकती है। राष्ट्रीय डेयरी शोध संस्थान (एनडीआरआई) करनाल के वैज्ञानिकों की एक टीम ने, जिसका नेतृत्व डॉ. पीएन राजू कर रहे हैं, अनोखा उपाय ढूंढ निकाला है, जिसे कि पैकेट के ऊपर के हिस्से में लगाने वाले इंडिकेटर के रूप में प्रयोग किया जाएगा। दुग्ध पदार्थों जैसे कि खोया, पनीर इत्यादि की गुणवत्ता और उनकी ताजगी से संबंधित स्थितियां पैकेट पर चिपके इंडिकेटर के रंग को देखकर ही मालूम चल जाएंगी। इस सेंसर के रंग परिवर्तन को देखकर ही ग्राहक जान जाएगा कि यह उत्पाद खाने योग्य है या नहीं। कुछ केमिकल माइ ोबॉयल और बायोकेमिकल से उत्पन्न गैसें इसके अंदर रखे खाद्य पदार्थ की वस्तुस्थिति को प्रकट कर देंगी।

दुग्ध शोध संस्थान के वैज्ञानिकों द्वारा विकसित किया गया इलेक्ट्रो स्पन मैट अपने रंग परिवर्तन से इसको स्पष्ट कर देगा। दुग्ध उत्पादों की ताजगी-गुणवत्ता की जांच करने वाला यह उपादेय उपभोक्त ाओं के लिए एक वरदान साबित होगा। खाद्य पदार्थों पर उनके उत्पादन से वि य तक की प्र या में गुणवत्ता की जांच उचित न होने की वजह से एक अविश्वास की स्थिति पैदा हुई है। यह उपादेय उसे काफी हद तक दूर कर देगा। खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता संस्थान ने आज से 10 वर्ष पूर्व यह चेताया था कि दुग्ध के नाम पर लोग डिटर्जेंट या अन्य मिलावटी वस्तु का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह शोध अब लोगों को इस संदेहास्पद स्थिति से बचा सकेगा।

# वोटर आईडी में है गलत जानकारी, घर बैठे मिनटों में अपडेट करें नाम

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है. 11 अप्रैल को पहले चरण के लिए वोटिंग की जाएगी. अगर आपकी उम्र 18 साल से ज्यादा है तो आप भी वोटिंग कर सकते हैं. लेकिन, इसके लिए आपका नाम वोटिंग लिस्ट में जरूरी है.




आपका जहां स्थाई पता होता है, वहां की वोटिंग लिस्ट में आपका नाम दर्ज है. नाम के अलावा आपकी फोटो, पता और अन्य जानकारियां होती हैं. वोटर आई कार्ड का इस्तेमाल हर काम के लिए किया जा सकता है. ऐसे में अगर वोटर आईडी पर दर्ज किसी भी गलत जानकारी को आप बदलवाना चाहते हैं तो हम आपको बहुत आसान तरीका बताने जा रहे हैं. यह काम घर बैठे मिनटों में किया जा सकता है.

### अगर अपना पता बदलना है

इसके लिए नेशनल वोटर्स सर्विस की आधिकारिक वेबसाइट www.nvsp.in पर जाना है. वेबसाइट खुलने के बाद यहां Correction of entries in electoral roll दिखेगा. यहां क्लिक करने पर पता चेंज करने का ऑप्शन दिखेगा.

पता में बदलाव करना है और एड्रेस प्रूफ के तौर पर आधार कार्ड, बैंक पासबुक, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट जैसे सरकारी दस्तावेज की सॉफ्ट कॉपी जमा करनी है. अपडेट होने के बाद आपको रेफरेंस नंबर मिलेगा, जिसकी मदद से आवेदन को ट्रैक किया जा सकता है. वेरिफिकेशन का काम पूरा होने के बाद नए पते पर नया वोटर आईडी भेज दिया जाएगा.

### कैसे बदलें अपनी फोटो

इसके लिए भी नेशनल वोटर्स सर्विस की आधिकारिक वेबसाइट www.nvsp.in पर जाना है. फॉर्म-8 को खोलना है और जरूरी जानकारी देनी होगी. अब आपको वोटर आईडी में बदलाव का ऑप्शन दिया जाएगा.

फोटो बदलने वाला ऑप्शन चूज करके नई फोटो अपलोड करनी है. इस दौरान ऑनलाइन वेरिफिकेशन का काम किया जाता है, जिसमें आपका पर्सनल नंबर और मेल आईडी जैसी जानकारी मांगी जाती है. चार हफ्ते के भीतर फोटो में बदलाव हो जाएगा.

# गूगल ने पेश किया गेमिंग क्लाउड सेवा 'स्टेडिया'

नई दिल्ली। गूगल ने वीडियो गेम स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म 'स्टेडिया' से पर्दा उठा दिया है ताकि यह परंपरागत वीडियो गेम व्यापार में अपनी जगह ले सके। गूगल ने इसकी घोषणा सैन फ्रांसिस्को में आयोजित द्यगेम डेवलपर कॉन्फ्रेंस के दौरान की। इस सेवा की शुरुआत करते हुए गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने कहा, यह प्लेटफॉर्म सभी के लिए है।'स्टेडिया' एक क्लाउट आधारित सेवा है, जिसे इंटरनेट की मदद से लॉगइन करके खेला जा सकता है। हालांकि लॉगइन करने के लिए गूगल के लिए सिर्फ क्रोम ब्राउजर, क्रोम ओएस, पिक्सल फोन और क्रोमबुक का इस्तेमाल कर पाएंगे। गूगल ने अभी इस सेवा के बदले ली जाने वाली कीमत के बारे में नहीं बताया है और न ही यह बताया है कि ये मुफ्त सेवा होगी या फिर सब्क्रिप्शन आधारित। अभी इस सेवा को अमेरिका, कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप के लिए लॉन्च किया गया है।



# सैमसंग ने उतारा किफायती गैलेक्सी 'ए 10' स्मार्टफोन

नई दिल्ली। सैमसंग के सबसे किफायती स्मार्टफोन गैलेक्सी 'ए 10' सोमवार से पूरे देश में रिटेल और ऑनलाइन बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया. सैमसंग ने पिछले महीने घोषणा करते हुए बताया था कि 8490 रुपये का गैलेक्सी 'ए 10' आकर्षक लाल, नीले और काले रंगों में उपलब्ध होगा.



गैलेक्सी 'ए 10' खास तौर से युवा ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बना है. इसमें शक्तिशाली बैट्री, शानदार कैमरा और मनमोहक डिस्प्ले है, इन सब खूबसूरती के साथ यह स्मार्टफोन ग्राहकों को बेजोड़ अनुभव देगा.गैलेक्सी 'ए 10' में 6.2 इंच इन्फीनीटी-वी डिस्प्ले, 13 एमपी का रियर कैमरा जिसका एपर्चर एफ 1.9 है और 5 एमपी का सेल्फी कैमरा फेस रिकग्नीशन के साथ है. इसमें 3,400 एमएएच की शक्तिशाली बैट्री है.कंपनी ने कहा कि सैमसंग गैलेक्सी 'ए 10' स्मार्टफोन बिक्री के लिए सभी रिटेल स्टोर के साथ-साथ एमेजन, फ्लिपकार्ट, पेटीएम और कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे.

# हर 2 महीने में नया लोन ले रहे हैं युवा, चौंकाने वाले हैं आंकड़ें

नई दिल्ली। आसानी से लोन मिलने की सुविधा, अपनी कार-घर की जरूरतों और घूमने-फिरने के शौक को पूरा करने के लिए बेधड़क खर्च कर रहे हैं। यही नहीं, युवा हर साठ दिन में नया कर्ज भी ले रहे हैं। ऑनलाइन कर्ज देने वाले प्लेटफॉर्म कैश-ई की रिपोर्ट में यह सामने आया है। एक लाख से ज्यादा युवाओं की क्रेडिट हिस्ट्री पर तैयार की गई इस रिपोर्ट के मुताबिक, युवा छोटी अवधि के कर्ज को प्राथमिकता देते हैं।



प्लान अहेड वेल्थ एडवाइजर्स के सीईओ विशाल धवन का कहना है कि आसानी से लोन मिलना, परिवार से अलग रहना और आत्मनिर्भरता की सोच से युवाओं की खर्च को लेकर प्रवृत्ति तेजी से बदली है। हालांकि युवा अभी भी उधार लेकर जरूरतों को पूरा करने की ऊंची कीमत को लेकर अनजान है और इसी वजह से कर्ज के बोझ में दब जाते हैं। बैंक बाजार के मुख्य कारोबारी विकास अधिकारी नवीन चंदानी का कहना है कि युवा अपनी जिंदगी के ऐशोआराम या विलासिता में कोई कटौती नहीं चाहते।

21 से 30 साल के युवा आगे - 64 फीसदी कर्ज की नई मांग 21 से 30 साल के युवाओं की ओर से आ रही है। यही नहीं कर्ज की नई मांग में से 64 फीसदी 21 से 30 साल के युवाओं की है, जबकि 36 फीसदी प्रौढ़ हो चुके लोगों की है। नौकरी की शुरुआत के साथ ही वे कर्ज लेने लगते हैं।

बजट बनाना जरूरी - विशेषज्ञों के मुताबिक, कर्ज के भंवर से बचने का सबसे जरूरी उपाय है कि बजट बनाकर खर्च किया जाए। युवा यह तय कर लें कि आय का कितना फीसदी वे क्रेडिट कार्ड के जरिये खर्च करेंगे।

# टूर्नामेंट से पहले सचिन ने बेटे अर्जुन को दी यह अहम सलाह

नई दिल्ली। युवा क्रिकेटर अर्जुन अपने सरनेम 'तेंदुलकर' के कारण हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हैं. अर्जुन, महान सचिन तेंदुलकर के बेटे हैं और इस समय क्रिकेट में अपनी पहचान बनाने के लिए प्रयासरत हैं. सचिन का बेटा होने के कारण अर्जुन से क्रिकेटप्रेमी उनके पिता की तरह के प्रदर्शन की अपेक्षा रखते हैं और ऐसे में उन पर काफी दबाव होता है. 19 साल के अर्जुन अब टी20 मुंबई लीग के 2019 सीजन में डेब्यू करने के लिए तैयार हैं. अर्जुन इससे पहले भारत के लिए दो अंडर-19 टेस्ट मैच भी खेल चुके हैं. हालांकि इन दो टेस्ट में वे अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाए थे और केवल 14 रन बनाने के अलावा तीन विकेट ही हासिल कर पाए थे.



## आज का राशिफल

मेषः इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं, जिनकी आपको जानकारी है।

वृषभः इस वक्त आपकी दूरदर्शिता का असर आपके कामकाज पर हो रहा है। आजीविका के क्षेत्र में आपके अनुभव को दूसरे लोग भी भांपने लगे हैं। हो सकता है किसी राइवल फर्म से भी आपको बुलावा आ सकता है।

मिथुनः आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा। यदि आपका धन किसी योजना या सही इन्वेस्टमेंट पर खर्च हो रहा है तो बेहतर है वरना फिलहाल आप धन को वहीं सुरक्षित रखें जहां पर वह है।

कर्कः अब आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड ले रही हैं। आपके सभी अवरूद्ध लाभ भी हाथ में आने वाले हैं। यदि आप किसी करियर से संबंधित प्रस्ताव पर विचार कर रहे हैं तो उसके लिए सभी पक्ष-विपक्ष का विचार कर लें।

सिंहः किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। अगर इन्वेस्टमेंट या ज़मीन-जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा करें।

कन्याः इस वक्त आपको अपने रूटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करना होगा। यदि आपके पास समय की कमी है तो आप अपने अधूरे काम पूरे करने की सोचें।

तुलाः इस वक्त आपका पारिवारिक वातावरण अच्छा चल रहा है। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है।

वृश्चिकः आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय आज सार्थक हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी। किसी के द्वारा किया गया परोपकार आपके लिए वरदान सिद्ध हो सकता है।

धनुः आपके घर-परिवार में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने वाले हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है।

मकरः काफी समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुए तनाव आज सुलह के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा। इससे आपको जहां राहत मिलेगी वहां एक उपयोगी व्यक्ति के आपके जीवन में लौट आने का हर्ष भी होगा।

कुंभः इन दिनों कुछ रंगीन मिजाज लोगों के साथ आपका उठना बैठना चल रहा है। लेकिन इस प्रकार संगत के लिए पहले आपको अपने मान-सम्मान का ध्यान रखना चाहिए क्योंकि एक बार जैसी धारणा आपके पीछे बन जाती है वही रहती है।

मीनः किसी मानसिक भ्रम या भय के कारण आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरूचि रहेगी। आवागमन में दिक्क त हो सकती है। सुधार इतनी जल्दी नहीं होगा। फिर भी अपने को संतुलित करने में देर नहीं करें।

# भगवान को चढ़ाने वाले भोग में नहीं करते लहसुन और प्याज का इस्तेमाल जानिए कारण

लहसुन और प्याज दोनों ही ऐसी चीजें हैं जिनके बिना सब्जी में स्वाद नहीं आता साथ ही इन दोनों के सेवन से कई तरह के रोग भी दूर होते हैं। लहसुन जहां पेट की समस्याओं को दूर करता है तो वहीं प्याज बालों और शरीर के लिए बहुत ही फायदेमंद माना जाता है। हालांकि आपने देखा होगा कि भगवान के भोग में गलती से भी प्याज और लहसुन का इस्तेमाल नहीं किया जाता है। कई धर्म ऐसे भी हैं जिसमें प्याज और लहसुन का सेवन करना मना होता है। इसके पीछे कई वैज्ञानिक कारण भी बताए गए हैं। हालांकि इसके पीछे जो पौराणिक कथा हैं वो आपको बताते हैं।

### इस वजह से भगवान को नहीं लगाते भोग



हालांकि दोनों के सिट कट गए और अमृत उनके गले से शरीर में नहीं पहुंच पाया था। इससे दोनों की मृत्यु तो हो गई, लेकिन दोनों के मुख में अमृत पहुंच चुका था ऐसे में दोनों के मुख अमर हो गए। भगवान विष्णु द्वारा सिर काटने ही अमृत की जो बूंदे रक्त के रुप में जमीन पर गिरी उससे प्याज और लहसुन की उतपत्ति हुई थी। अमृत से उत्पन्न होने के कारण इन्हें रोग खत्म करने वाला कारक और जीवनदायी माना गया और स्वास्थ्य के लिहाज से बहुत अच्छा माना गया, लेकिन राक्षसों के मुंह से उत्पन्न होने के कारण देवताओं को भोग लगाने में इनके इस्तेमाल को वर्जित किया गया। धर्म के अनुसार प्याज और लहसुन को अच्छी और पवित्र सब्जियां नहीं मानी जाता। ऐसा कहा जाता है कि ये दोनों सब्जियां शरीर में गर्मी के साथ साथ जूनून, उत्तेजना, अज्ञानता और तामसिक प्रवृत्तियों को बढ़ावा देती है। इन्हें खाने से मन एकाग्र नहीं होता है और भगवान का ध्यान नहीं लग पाता है।

# कुलदीप यादव ने इन दो टीमों को टीम इंडिया के लिए बताया बड़ा खतरा

नई दिल्ली। स्पिन गेंदबाज कुलदीप यादव ने कहा है कि इंग्लैंड और वेल्स में आयोजित होने वाले आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप में विराट कोहली के नेतृत्व वाली टीम इंडिया के विजेता बनने के अच्छे अवसर हैं. 'चाइनामैन' कुलदीप यादव ने कहा, वैसे तो टूर्नामेंट में खेलने वाली सभी टीमें अच्छी हैं लेकिन मेजबान इंग्लैंड और प्रबल प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से भारत को खास तौर पर सावधान रहना होगा. कुलदीप ने वर्ल्ड रैंकिंग में इस समय पहले नंबर पर काबिज इंग्लैंड टीम को खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल किया. उन्होंने कहा कि घरेलू माहौल में खेलने के कारण इंग्लैंड टीम को काफी फायदा मिला. इसके अलावा पाकिस्तान टीम भी भारत के लिए खतरा साबित हो सकती है. कुलदीप ने Sports Tak से बात करते हुए कहा, मेरी राय में इंग्लैंड की बैटिंग लाइन दूसरी टीमों की तुलना में काफी मजबूत है. इसके अलावा इस टीम को घरेलू मैदान में खेलने का भी फायदा मिलेगी. सरफराज अहमद की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम के बारे में उन्होंने कहा कि हाल के प्रदर्शन को देखते हुए वर्ल्डकप में पाकिस्तान टीम भी अच्छी प्रदर्शन कर सकती है.




# युवराज को खरीदने के पीछे मुंबई इंडियंस की ये है रणनीति

मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस के निदेशक (क्रिकेट संचालन) जहीर खान का मानना है कि लीग के 12वें सीजन में बाएं हाथ के सीनियर बल्लेबाज युवराज सिंह को तय रणनीति के तहत टीम में शामिल किया गया है. मुंबई इंडियंस ने युवराज को इस बार आईपीएल की नीलामी के पहले राउंड में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा था. लेकिन नीलामी के अंत तक युवराज को मुंबई ने एक करोड़ रुपये में अपने टीम में शामिल किया.




जहीर ने मंगलवार को मुंबई इंडियंस के अभ्यास सत्र के बाद कहा, उनके (युवराज) पास काफी अनुभव है और वह हमारे मध्यक्रम में एक अहम बल्लेबाज साबित हो सकते हैं. युवराज एक मैच विनर हैं. हमें ऐसे बल्लेबाज की जरूरत थी, जो मध्यक्रम में काफी अनुभवी हों.

## होली पर केसरी मलाई पेड़ा' बनाने की विधि जानिए



*सामग्री*

दूध- 4 कप
शुगर- 1 कप
साइट्रिक एसिड- चुटकीभर
कॉर्नफ्लोर- 2 टेबल स्पून
हरी इलायची पाउडर- द टेबल स्पून
बादाम- 8

*विधि -* सबसे पहले कॉर्नफ्लोर में दूध मिलाएं और इसे अच्छे से गूंद लें। साथ ही, बादाम को छोटे-छोटे पीस में काट लें।

गैस में धीमी आंच पर एक पैन रखें और इस पैन में दूध डालकर गर्म करें और उसे तब तक उबालें, जब तक वो गाढ़ा ना हो जाए। अब इसमें केसर डालें और अच्छी तरह मिला लें।

अब 2 टेबल स्पून पानी में साइट्रिक एसिड मिलाकर इसे गाढ़े दूध में डालें। इसके बाद इस गाढ़े दूध में गूंदा हुआ कॉर्नफ्लोर डालें और मिश्रण को थोड़ा पतला होने दें।

इसके बाद इसमें इलायची पाउडर डालें और अच्छी तरह मिलाएं। अब इस मिश्रण में शुगर मिलाएं और गर्म करें।

जब मिश्रण में शुगर अच्छे से घुल जाए तो गैस बंद कर दें और पैन को उतार दें और ठंडा होने दें। मिश्रण ठंडा होने पर इसे बराबर हिस्सों में काट लें और उन्हें पेड़े का आकार दें।

## शब्द सामर्थ्य-12

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

## सू-दोकू-12

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.11 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |